**दिनांक 13.08.2022 को 02.00 बजे अपराहन में सिविल सर्जन,सिवान की अध्यक्षता में सम्पन्न मिशन 60 ट्रान्सफॉरमेशन ऑफ सदर हास्पीटल,सिवान की बैठक की कार्यवाही प्रतिवेदन।**

उपस्थितिः—पंजी के अनुसार।

सर्व प्रथम सिविल सर्जन द्वारा बैठक में उपस्थित विभागीय पदाधिकारी एवं कर्मियों का स्वागत किया गया। तत्पश्चात क्रमशः जिला कार्यक्रम प्रबंधक,जिला योजना समन्वयक,जिला स्वास्थ्य समिति, सहायक निदेशक,रेफरल ट्रान्सपोर्ट, राज्य स्वा0समिति तथा पाथ के प्रतिनिधि द्वारा मिशन 60 पर प्रकाश डालते हुए निर्धारित अवधि में सदर अस्पताल,सिवान में कार्य इसे कार्य रूप देने पर विस्तृत रूप से चर्चा की गयी।

बैठक में सदर अस्पताल की बाउन्ड्री,गेट,साफ—सफाई तथा लौन्ड्री,रंग—रोगन,लैट्रीन—बाथरूम,साईनेज,बिजली आपुर्ति,मे आई हेल्प यु काउन्टर,दवाओं की उपलब्धता,सुरक्षा हेतु सी सी टी वी,जल जमाव इत्यादि को सुव्यवस्थित करने पर चर्चा की गयी और इससे संबंधित दिशा—निर्देश दिये गये। 24 X 7 की स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराने के तहत लैब के लिए सभी प्रकार के जॉच का कलेक्शन सेंटर ग्राउण्ड फ्लोर पर एक साथ रखने की बात कही गयी।

सदर अस्पताल के कार्यों का बेहतर संचालन हेतु सर्व सम्मति से विभागीय पदाधिकारी / चिकित्सा पदाधिकारियों को उनके नाम के सामने अंकित विभाग का नोडल पदाधिकारी बनाया गयाः—

| क्रमांक | विभाग का नाम / नोडल | पदाधिकारी / चिकित्सा पदाधिकारी का नाम |
|---|---|---|
| 1 | आपाताकालीन विभाग | डा0 सुनील कुमार सिंह एवं डा0 सदा कमर |
| 2 | ओ0पी0डी0विभाग | डा0 अनिल कुमार सिंह,सी0डी0ओ0 |
| 3 | महिला विभाग / साफ—सफाई | डा0 रीता सिन्हा,उपाधीक्षक |

बताया गया कि अस्पताल में चिकित्सक पदस्थापित हैं, परन्तु फिजीशियन एवं हड्डी रोग विशेषज्ञ एक—एक ही हैं। अतः इस पद पर अतिरिक्त पदस्थापना हेतु विभाग को लिखने हेतु सहमति जतायी गयी।

—एस0एन0सी0यु0 में विक न्युबॉर्न को रेफर करने हेतु प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारियों को पत्र लिखने की बात कही गयी। इसके स्टेब्लाईजर की मरम्मति कराने हेतु स्टाफ नर्स द्वारा अनुरोध किया गया,जिसके लिए निदेशित किया गया।

—वोल्टेज के उतार—चढ़ाव के कारण एस0एन0सी0यु0 सहित अन्य विभागों के बहूमुल्य उपकरणों के बचाव हेतु तत्काल ध्यान देने की बात कही गयी।

—बताया गया कि वर्तमान में सदर अस्पताल में गर्भवती महिलाओं का ही अल्ट्रासाउण्ड करने की सुविधा उपलब्ध है। साथ ही ओ0टी0रूम के इन्भर्टर एवं ओ0टी0लाईट को ठीक कराने की बात कही गयी।

—लैब टेकनीशियन द्वारा बताया गया कि सदर अस्पताल के लैब में यु0पी0एस0 नहीं है,जिससे बायोकेमिकल्स टेस्ट में कठिनाईयॉ होती हैं,जिस पर दोनों ओ0टी0 एवं लैब के लिए एक—एक यु0पी0एस0 लगाने का निर्णय लिया गया।

—ब्लड बैंक टेकनीशियन के द्वारा इसके लिए एक अनुसेवी तथा एक गार्ड देने का अनुरोध किया गया।

–प्रसव एवं महिला वार्ड की इन्चार्ज द्वारा बताया गया कि आउट सोर्सिंग एजेन्सी के द्वारा उन्हें बेड पर बिछाने हेतु सतरंगी चादर उपलब्ध नहीं कराया जाता है,जिसे गंभीरता से लेते हुए आउट सोर्सिंग एजेन्सी को पर्याप्त संख्या में ससमय चादर उपलब्ध कराने का निदेश दिया गया।

–उपाधीक्षक डा0 रीता सिन्हा द्वारा प्रत्येक वार्ड में कार्यरत सफाई कर्मी की सूची उपलब्ध कराने हेतु आउट सोर्सिंग एजेन्सी को निदेशित किया गया। साथ ही डस्ट बीन के चार तरह के डिब्बों को यथोचित स्थान पर लगाने का भी निदेश दिया गया।

–संचारी रोग पदाधिकारी द्वारा सुझाव दिया गया कि सभी वार्ड के पास एक चेक लिस्ट लगा दिया जाय,जिससे वहाँ हो रहे साफ–सफाई को दर्शाया जा सके।

–अस्पताल में पदस्थापित फार्मासिस्टों को अस्पताल में उपलब्ध सभी दवाओं को अस्पताल के दवा काउन्टर पर उपलब्ध रखने तथा मरीजों को ससमय उपलब्ध कराने का निदेश दिया गया।

–बैठक में उपस्थित राज्य स्तरीय पदाधिकारी/प्रतिनिधि द्वारा बताया गया कि सदर अस्पताल में दिये जा रहे सभी सुविधाओं की सटीक जानकारी को एच0एम0आई0एस0 पर डालना आवश्यक है। साथ ही सदर अस्पताल में आई0पी0एच0एस0 में दर्शायी गयी सभी दवाएँ,जॉच सेवाएँ एवं बेड के अनुसार संसाधन उपलब्ध होनी चाहिए।

–आयुष्मान भारत के डी0पी0सी0 द्वारा बताया गया कि आयुष्मान के रोगियों की कुछ जॉच अस्पताल में नहीं हो पाती है। जिस पर लैब टेकनीशियन द्वारा लैब के लिए एक और टेकनीशियन एवं एक अनुसेवी उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया। सदर अस्पताल के लैब में होने वाली जॉच की सूची उपलब्ध कराने हेतु लैब टेकनीशियन को निदेशित किया गया।

सिविल सर्जन द्वारा सभी विभागीय पदाधिकारी,चिकित्सा पदाधिकारी तथा कर्मियों को अपने कर्तव्य पर ससमय उपस्थित रहकर अपने दायित्वों का निर्वाह्न सुचारू रूप से करने का निदेश दिया गया,ताकि सरकार के मिशन 60 कार्यक्रम को ससमय सफल बनाया जा सके।

अंत में धन्यवाद ज्ञापन के साथ ही बैठक समाप्त की गयी।

अधीक्षक,सदर अस्पताल
सिवान।

असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य
चिकित्सा पदाधिकारी,सिवान।

ज्ञापांक 2024 / सिवान,दिनांक 16/09/2022

प्रतिलिपिः–सभी नोडल पदाधिकारी,सदर अस्पताल,सिवान को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

प्रतिलिपिः–अधीक्षक/अस्पताल प्रबंधक,सदर अस्पताल,सिवान को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। निदेशित है कि बैठक में लिए निर्णय से अपने अधीनस्थ सभी संबंधित को अवगत करा देगें।

प्रतिलिपिः–जिला कार्यक्रम प्रबंधक/जिला योजना समन्वयक,जिला स्वास्थ्य समिति,सिवान को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपिः–जिला पदाधिकारी,सिवान को सादर सूचनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपिः–क्षेत्रीय अपर निदेशक,स्वास्थ्य सेवायें,सारण प्रमण्डल,छपरा को सादर सूचनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपिः–सहायक निदेशक,रेफरल ट्रान्सपोर्ट,राज्य स्वास्थ्य समिति,बिहार,पटना/प्रतिनिधि,पार्थ को सूचनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपिः–कार्यपालक निदेशक,राज्य स्वास्थ्य समिति,बिहार,पटना को सादर सूचनार्थ प्रेषित।

अधीक्षक,सदर अस्पताल
सिवान।

असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य
चिकित्सा पदाधिकारी,सिवान।